## एक नजर में

### रक्तदान पर मिलेगा ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग में नि:शुल्क प्रोटोकॉल दर्शन



नवभारत न्यूज

**खण्डवा।** रक्तदान के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु जिला प्रशासन ने तीर्थनगरी ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में एक अभिनव पहल प्रारंभ की है। अब जो श्रद्धालु ओंकारेश्वर में रक्तदान करेंगे, उन्हें ज्योतिर्लिंग मंदिर में नि:शुल्क वीआईपी प्रोटोकॉल अनुसार दर्शन की सुविधा प्रदान की जाएगी।


कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि इच्छुक दर्शनार्थी पहले रक्तदान करें और तत्पश्चात विशेष दर्शन सुविधा का लाभ लें। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा है और दर्शन के साथ यह एक पुण्य कार्य भी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ओपी जुगतावत ने जानकारी दी कि यह व्यवस्था 24 फरवरी से प्रारंभ होगी जो प्रति सप्ताह मंगलवार एवं शनिवार को उपलब्ध रहेगी। इन दोनों में जिला चिकित्सालय खण्डवा से रक्तदान कलेक्शन वाहन एवं टीम ओंकारेश्वर में तैनात रहेगी। 18 से 60 वर्ष आयु एवं न्यूनतम 45 किलोग्राम वजन वाला कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है।

### मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन आज

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी को होगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेश सावले ने बताया कि राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को इस संबंध में जानकारी देने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रात: 11 बजे से बैठक आयोजित की गई है। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की प्रति उपलब्ध कराई जाएगी।

### रेलवे स्टेशन में कार्ड निर्माण शिविर आयोजित




नवभारत न्यूज

**खंडवा।** असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए संचालित प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना के अंतर्गत रेलवे स्टेशन खंडवा में विशेष कार्ड निर्माण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में स्टेशन प्रबंधक अरविंद कुमार शाह की उपस्थिति में श्रमिकों के पंजीयन एवं कार्ड बनाए गए।

इस अवसर पर सीएससी वीएलई विनय यादव एवं उनके सहयोगी मेघराज सैनी द्वारा श्रमिकों के कार्ड तैयार किए गए। सीएससी जिला प्रबंधक पावस चौकड़े ने बताया कि यह योजना असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए एक महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा योजना है, जिसके अंतर्गत 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर प्रतिमाह 3000 रुपये पेंशन प्रदान की जाती है।

18 से 40 वर्ष आयु वर्ग एवं 15,000 रुपये से कम मासिक आय वाले श्रमिक इस योजना के पात्र हैं। इच्छुक श्रमिक अपने नजदीकी सीएससी केंद्र पर जाकर पंजीयन करा सकते हैं।

### निमाड़ी लोक कला एवं पर्यटन गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाए : कलेक्टर

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** जिला पर्यटन संवर्धन परिषद की बैठक कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई। बैठक में अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा, नगर निगम आयुक्त प्रियंका राजावत के अलावा कला, संस्कृति एवं पर्यटन से जुड़े परिषद के विभिन्न सदस्य भी बैठक में मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने निर्देश दिए कि जिले के ओंकारेश्वर के साथ-साथ हनुमंतिया, बोरियामाल, धारी कोटला जैसे पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की सुविधा के लिए कार्य किए जाएं। कलेक्टर श्री गुप्ता ने बैठक में कहा कि निमाड़ी लोक कला एवं स्थानीय संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से निमाड़ महोत्सव जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, जिसमें निमाड़ी लोक नृत्य, निमाड़ी लोक गीत, मांडना कला, भित्ती चित्र, खालवा क्षेत्र के आदिवासी लोकगीतों से जुड़े कलाकारों को उनकी कला के प्रदर्शन के अवसर उपलब्ध कराए जाएं। कलेक्टर श्री गुप्ता ने बैठक में कहा की जिले में निमाड़ी संस्कृति से जुड़े चित्रों, निमाड़ी लोक कला और स्थानीय उत्पादों को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से एक डिस्प्ले सेंटर भी तैयार करने की आवश्यकता बताई।

### पीएम विश्वकर्मा योजना का जागरूकता शिविर संपन्न

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** एमएसएमई विकास कार्यालय और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को आकांक्षी ब्लॉक छैगांवमाखन में पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के लिए एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक मनोज रावत ने बताया कि शिविर में लाभार्थियों को उद्यमिता, वित्तीय सहायता, ई-कॉमर्स, कौशल विकास, मार्केटिंग, लोन प्रक्रिया और केंद्र व राज्य शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान मछली का जाल बनाने वाले एक हितग्राही को स्वरोजगार के लिए टूलकिट प्रदान की गई। साथ ही, डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पेटीएम द्वारा लाभार्थियों को नि:शुल्क क्यूआर कोड और साउंड बॉक्स भी बांटे गए। इस अवसर पर एमएसएमई इंदौर के सहायक निदेशक गौरव गोयल, जनपद पंचायत से प्रकाश शेखावत, बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक नवीन, डाक विभाग से दिनेश सिंह, आईटीआई प्राचार्य हितेश सुरागी और हथकरघा विभाग के राजेश मौर्य सहित बड़ी संख्या में हितग्राही मौजूद थे।

# 'औकात' विवाद पर सड़क पर उतरी कांग्रेस

## मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का फूंका पुतला, इस्तीफे और माफी की मांग

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की कथित 'औकात' वाली टिप्पणी को लेकर सियासत गरमा गई है। शुक्रवार दोपहर खंडवा जिला कांग्रेस कमेटी ने इस बयान के विरोध में सड़क पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने रैली निकालकर मंत्री का पुतला दहन किया और उनसे सार्वजनिक माफी व इस्तीफे की मांग की।

**गांधी भवन से चौराहे तक पैदल मार्च और नारेबाजी:** जिला कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि शुक्रवार दोपहर 2:30 बजे बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता गांधी भवन पर एकत्रित हुए। यहाँ से उन्होंने एक पैदल मार्च निकाला, जो नारेबाजी करते हुए



केवलराम पेट्रोल पंप चौराहे पर पहुँचा। चौराहे पर कांग्रेसियों ने संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला फूंका। इस दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा।

### क्या है पूरा विवाद?:

गौरतलब है कि विधानसभा में अदाणी समूह से बिजली खरीद के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस हुई थी। आरोप है कि इसी दौरान मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार को औकात में रहने की बात कही। कांग्रेस ने इसे अलोकतांत्रिक बताते हुए प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू कर दिया है, जिसके तहत खंडवा में भी यह विरोध दर्ज कराया गया।

**कांग्रेस नेताओं की तीखी प्रतिक्रिया: सत्ता के अहंकार में है सरकार :** जिला कांग्रेस अध्यक्ष (ग्रामीण) उत्तमपाल सिंह ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को औकात याद दिलाना प्रदेश की करोड़ों जनता का सीधा अपमान है। सत्ता के अहंकार में डूबी सरकार विपक्ष के सवालों से बचना चाहती है।

**जवाब नहीं तो अपमानजनक भाषा का सहारा :** खंडवा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी कुंदन मालवीय ने इसे लोकतांत्रिक मर्यादाओं का गंभीर उल्लंघन बताया। उन्होंने कहा कि जब सरकार के पास सदन में जवाब नहीं होते, तब वह अपमानजनक भाषा पर उतर आती है। जब तक मंत्री माफी नहीं मांगते, हमारा विरोध जारी रहेगा।

**ये नेता रहे मौजूद:** इस विरोध प्रदर्शन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह, कुंदन मालवीय, यूथ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र दादू, सरोज बघेल, रामपाल सिंह केहलारी, राजकुमार कैथवास, शहजाद पवार, मनोज मंड़लोई, अनिल जाधव, सागर पवार, प्रियेश चोकडे, संजय पाटीदार, धर्मेन्द्र राठौर, दिव्यांश ओझा, प्रेमांशु जैन, अब्दुल कादिर, नासिर खान और पलाश जैन सहित शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के कई कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### 24 को विधानसभा घेराव

24 फरवरी को भोपाल में आयोजित होने वाले विधानसभा घेराव को सफल बनाने के लिए शुक्रवार दोपहर गांधी भवन में जिला कांग्रेस समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिला अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में खंडवा से अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं के भोपाल पहुंचने की कार्ययोजना तैयार की गई। सभी पदाधिकारियों को इसकी अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इसके साथ ही, जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए मंडलम और पंचायत कमेटियों के गठन पर भी विस्तृत चर्चा हुई। बैठक को पूर्व विधायक राजनारायण सिंह, विधानसभा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विधायक पटेल की पहल पर 90 .72 करोड़ की लागत से बनेंगी 11 नई सड़कें



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** मांधाता विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए राज्य सरकार ने बजट में बड़ी सौगात दी है। क्षेत्रीय विधायक नारायण पटेल की अनुशंसा पर क्षेत्र में 90 करोड़ 72 लाख रुपये की लागत से 11 नए सड़क व पुलिया निर्माण कार्यों को बजट में स्वीकृति मिल गई है। इन मार्गों के निर्माण से न केवल ग्रामीण अंचलों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी, बल्कि तीर्थनगरी ओंकारेश्वर और सिंगाजी जैसे प्रमुख स्थलों पर आवागमन भी सुगम हो जाएगा।

बजट में स्वीकृत प्रमुख सड़क निर्माण कार्य और उनकी लागत:

विधायक की पहल पर क्षेत्र के विभिन्न महत्वपूर्ण मार्गों के लिए राशि आवंटित की गई है, जिनमें कोठी से सनावद टू-लेन मार्ग सबसे बड़ी परियोजना है। स्वीकृत कार्यों का विवरण इस प्रकार है:

- कोठी से सनावद टू-लेन मार्ग: पेवर ब्लॉक एवं शोल्डर सहित निर्माण कार्य (लागत: 40.00 करोड़ रुपये)
- ओंकारेश्वर से कोठी (दाहिनी ओर): वाया धावड़िया, डुहिक्या होते हुए मार्ग निर्माण कार्य (लागत: 17.00 करोड़ रुपये)
- पुनासा-मूंदी से सिंगाजी मार्ग- सड़क निर्माण कार्य (लागत: 10.00 करोड़ रुपये)
- कोठी से ओंकारेश्वर (बाईं ओर): सड़क निर्माण कार्य (लागत: 8.88 करोड़ रुपये)
- सुलगांव-निमाड़खेड़ी-बोराड़ी बांगरदा मार्ग: सड़क निर्माण कार्य (लागत: 3.83 करोड़ रुपये)
- ग्राम नांदिया खेड़ी से करोली मार्ग: मूंदी-पुनासा-सुलगांव-सनावद मार्ग का हिस्सा (लागत: 3.46 करोड़ रुपये)
- गौल-अटूटखास-हरवंशपुरा मार्ग: सड़क एवं दो पाइप कल्वर्ट पुलिया निर्माण (लागत: 2.70 करोड़ रुपये)
- मोरटक्का-ओंकारेश्वर मार्ग से नजर निहाल आश्रम तक: सड़क निर्माण कार्य (लागत: 1.60 करोड़ रुपये)
- मूंदी-बीड़ मार्ग: सड़क निर्माण कार्य (लागत: 1.25 करोड़ रुपये)
- ग्राम फिफरीमाल से ग्राम नांदखेड़ा तक: सड़क एवं दो पाइप कल्वर्ट पुलिया निर्माण (लागत: 1.00 करोड़ रुपये)
- गोराड़िया ब्रिज: एप्रोच रोड निर्माण कार्य (लागत: 1.00 करोड़ रुपये)

इन सभी विकास कार्यों की स्वीकृति से मांधाता क्षेत्र के रहवासियों में हर्ष का माहौल है। इन सड़कों के बनने से किसानों, व्यापारियों और आम नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा और क्षेत्र के व्यापार व पर्यटन को भी नई गति मिलेगी।

# शादी का झांसा देकर लूटी अस्मत

## आरोपी पुलिस गिरफ्त में

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** शहर में एक महिला को शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म करने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी बस ड्राइवर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार, ऑनलाइन पार्लर का काम करने वाली पीड़िता ने छैगांवमाखन थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने बताया कि उसका अपने पति के साथ इंदौर कोर्ट में तलाक का मामला विचाराधीन था। कोर्ट के निर्देशानुसार वे अलग रह रहे थे। इसी दौरान इंदौर से खंडवा आने-जाने के सफर में उसकी मुलाकात बस ड्राइवर आसिफ मंसूरी से हुई। बातचीत के बाद दोनों के बीच संपर्क बढ़ा और आरोपी ने उसे शादी का झांसा दिया।

**कई महीनों तक किया शारीरिक शोषण :** शिकायत में महिला ने बताया कि आरोपी आसिफ उसका दूर का रिश्तेदार भी है। आरोपी ने कभी बस को रास्ते में रोककर छैगांवदेवी के पास, तो कभी पीड़िता के प्रणाम सिटी स्थित किराए के मकान में आकर उसका शारीरिक शोषण किया। जब महिला को पता चला कि आरोपी पहले से शादीशुदा है और उसने शादी करने का दबाव बनाया, तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी।

इस मामले में महिला के पति ने बताया कि दोनों खंडवा के ही रहने वाले हैं। अलग-अलग धर्म का होने के कारण परिवारों की



असहमति के बावजूद उन्होंने साल 2018 में लव मैरिज की थी। उनके दो बच्चे हैं। पति के अनुसार, उनके बीच एक मामूली विवाद के चलते पत्नी ने तलाक के लिए कोर्ट में अर्जी दी थी। कोर्ट के आदेश पर वे 6 महीने अलग रहे, लेकिन बाद में दोनों ने फिर से एक होने का फैसला कर लिया।

छैगांवमाखन थाना पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर आरोपी आसिफ पिता मंगतू मंसूरी, निवासी ग्राम बलवाड़ा, थाना पिपलोद को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## शिक्षिका श्रद्धा गुप्ता नेपाल में मातृभाषा रत्न से हुई सम्मानित

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** अपनी कला, संस्कृति और शिक्षा के लिए पहचानी जाने वाली खंडवा नगरी की एक और प्रतिभा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का गौरव बढ़ाया है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुस्तमपुर की नवाचारी शिक्षिका और साहित्यकार श्रीमती श्रद्धा गुप्ता को नेपाल की राजधानी काठमांडू में आयोजित एक भव्य अंतरराष्ट्रीय समारोह में 'मातृभाषा रत्न' की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में श्रीमती गुप्ता को यह सम्मान हिंदी भाषा, साहित्य संवर्धन और शिक्षा के क्षेत्र में उनके



उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया। नेपाल-भारत मैत्री और सांस्कृतिक एकता को सुदृढ़ करने वाले इस समारोह में देश-विदेश के कई शिक्षाविद् और साहित्यकार मौजूद रहे, जिन्होंने प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर उन्हें सम्मानित किया।

श्रीमती गुप्ता की यह सफलता उनके अथक परिश्रम और शिक्षा के प्रति समर्पण का परिणाम है।

## तीन दिवसीय नेतृत्व विकास प्रशिक्षण संपन्न

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ नई दिल्ली एवं जिला सहकारी संघ खंडवा के संयुक्त तत्वावधान में जिले की प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी संस्थाओं के अध्यक्षों, सचिवों और संचालकों के लिए आयोजित तीन दिवसीय नेतृत्व विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। रामेश्वर रोड स्थित जिला सहकारी संघ कार्यालय के सभागृह में 18 से 20 फरवरी तक चले इस अहम आयोजन में संस्थाओं के करीब 45 पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला सहकारी संघ के प्रभारी अधिकारी एवं सहायक आयुक्त सहकारिता आरएस कलेश रहे, जिन्होंने प्रशिक्षार्थियों को सहकारी संस्थाओं में किए जाने वाले ऑडिट, आपत्तियों के निराकरण और निर्वाचन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। विशेष अतिथि के रूप में मौजूद जिला लघु वनोपज संघ के प्रबंधक राजेश पाटिल ने वनोपज से जुड़ी विभागीय गतिविधियों पर प्रकाश डाला और उपस्थित सदस्यों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया।

प्रशिक्षण सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में सहकारी प्रशिक्षण केंद्र इंदौर के पूर्व प्राचार्य केएल राठौर और निरंजन कुमार कसारा ने महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। केएल राठौर ने सहकारिता के सैद्धांतिक पहलुओं, वर्तमान परिदृश्य, बैठकों के महत्व और संस्थागत उपनियमों पर जोर दिया। वहीं, निरंजन कुमार कसारा ने नेतृत्व विकास के गुणों और संचालक मंडल के अधिकारों व कर्तव्यों को विस्तार से समझाया।

इस प्रशिक्षण को व्यावहारिक रूप देने के लिए दूसरे दिन सभी प्रतिभागियों को इंदौर दुग्ध सहकारी शीतकेंद्र का अध्ययन भ्रमण भी कराया गया।

# जनगणना अभियान की तैयारियां तेज, घरों पर अंकित नंबर मिटाने पर होगी कानूनी कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** नगर पालिक निगम में जनगणना अभियान के सुचारु और समयबद्ध क्रियान्वयन को लेकर निगमायुक्त प्रियंका राजावत के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नियुक्त चार्ज अधिकारियों सहित सभी संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे, जिन्हें आगामी चरणों के लिए विस्तृत कार्ययोजना और दिशा-निर्देश जारी किए गए।

बैठक में तय कार्ययोजना के अनुसार, आगामी 10 दिनों के भीतर वार्ड स्तर पर चार्ज अधिकारियों के निर्देशन में इंजीनियरों और एआरआई द्वारा ब्लॉक का गठन किया जाएगा। प्रत्येक वार्ड में लगभग 200 सेंसस



हाउस (मकानों) को मिलाकर एक ब्लॉक बनेगा और गणना की शुरुआत बाईं से दाईं दिशा में की जाएगी। इस दौरान यह सुनिश्चित किया जाएगा कि वार्ड की सीमा किसी भी स्थिति में ब्लॉक की सीमा को न काटे। इसके अतिरिक्त, स्लम (मलिन बस्ती) ब्लॉकों को सामान्य ब्लॉकों से पूरी तरह अलग रखा जाएगा। इन 10 दिनों की अवधि में सभी मकानों का सूचीकरण किया जाएगा। इसके लिए मैदानी कर्मचारियों को घर-घर नंबरिंग के लिए ऑयल पेंट, ब्रश और रजिस्टर जैसी आवश्यक सामग्री उपलब्ध करा दी गई है। घरों पर नंबरिंग डब्लूबीसी (WBC - वार्ड नंबर, ब्लॉक नंबर और सेंसस हाउस नंबर) प्रारूप में अंकित की जाएगी। मकानों के सूचीकरण और ब्लॉक सीमाओं की जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज करना अनिवार्य होगा। इसके बाद एन्यूमरेटर फील्ड में उतरकर जनसंख्या व अन्य आंकड़े जुटाएंगे। शनिवार से ही संबंधित कर्मचारियों को फील्ड में कार्य शुरू करने के निर्देश दे दिए गए हैं.

### सेंसस नंबर मिटाना है अपराध, प्रशासन ने की सहयोग की अपील

निगम प्रशासन ने सख्त चेतावनी जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि घर की दीवार पर अंकित किए जाने वाले सेंसस नंबरों को किसी भी परिस्थिति में मिटाया या बदला नहीं जाना चाहिए। जनगणना से जुड़े विवरण को मिटाना या नुकसान पहुंचाना कानूनन अपराध है और ऐसा करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस राष्ट्रीय कार्य में पूर्ण सहयोग करें और कर्मचारियों द्वारा पूछी जाने वाली जानकारी सही व स्पष्ट रूप से उपलब्ध कराएं, ताकि शासन भविष्य की जन-कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कर सके।